दिनांक 17.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई**

भिलाईनगर/ स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में निगम एव बीएसपी की संयुक्त रुप से बैठक किया गया जिसमें डेंगू एवं स्वाईन फ्लू के नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग के अमला के साथ चर्चा की गई।

नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर व भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव, निगम भिलाई आयुक्त एस0के0 सुंदरानी एवं एमआईसी मेम्बर लक्ष्मीपति राजू द्वारा निर्देशित किया गया कि डेंगू एवं स्वाईन फ्लू के रोकथाम हेतु प्रत्येक वार्ड की नालियों, नाला, तथा सड़क की सफाई कर ब्लिचिंग पावडर का छिडकाव, फागींग मशीन से भी धुएं का छिड़काव एवं घर-घर का सर्वेकर प्रचार-प्रसार करें तथा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन अलग-अलग जगहों पर किया जाना सुनिश्चित करें ताकि डेंगू एवं स्वाईन फ्लू पर रोकथाम समय रहते किया जा सके , एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता , मितानिन, को भी सहभागी बनाकर अपने-अपने वार्ड के नागरिकों को भी इनके रोकथाम के उपाय बतावें।

श्री यादव ने कहा कि इस कार्य में संशाधनों की कोई कमी नहीं होनी चाहिए और गैर जिम्मेदाराना रवैया बर्दाश्त नहीं किया जावेगा। पहले हुई घटना में शहर को बहुत से लोगों को खोना पड़ा है। बैठक में सीएमएचओ डा. एच 0के0 ठाकुर, सभी जोन के सहायक स्वास्थ्य निरीक्षक व स्वच्छता सुपरवाईजर उपस्थित रहे।

जनसम्पर्क अधिकारी

....

दिनांक 17.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई**

उच्च स्तरीय जलागारों के निर्माण हेतु भूमि पूजन सम्पन्न

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड 01 खम्हरिया में उच्च स्तरीय जलागार टंकी, गार्ड रुम व बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य के आधार शिला माननीय विद्यारतन भसीन, विधायक वैशाली नगर विधानसभा, मुख्य आतिथ्य एवं विधायक भिलाई नगर एवं महापौर नगर पालिक निगम, भिलाई की अध्यक्षता में रखी गई।

इस कार्यक्रम में सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, एमआईसी सदस्य जलकार्य सदीरन बानो, सुशीला देवांगन, जोन अध्यक्ष जोन 01 भोजराज सिन्हा (भोजू), पार्षद नेहा साहू, महिला समिति के धनेश्वरी साहू, शमशाद बेगम, महेन्द्र साहू, कवल साहू, इतवारी साहू, रामकृष्ण, भी उपस्थित रहे।

सभी महानुभावों ने क्षेत्र की जनता के लिए इस कार्य की महत्ता का बखान करते हुए चिर प्रतिक्षित मांग के पूर्ण होने पर बधाई दी है। कार्यक्रम को नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने भी संबोधित करते हुए इस कार्य हेतु शासन की सराहना की।

नगर पालिक निगम भिलाई
आपका

सत्यमेव जयते
नगर पालिक निगम भिलाई
स्वच्छ सर्वेक्षण 2019
कार्यशाला